खानू गांव में हुई वारदात

पुराने विवाद में बदमाश ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

भोपाल। कोहेफिजा इलाके के बदमाश ने मंगलवार को एक युवक पर छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के समय लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर हमले में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद युसूफ खानू गांव में रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। इलाके में ही रहने वाले अरशद बब्बा नाम के बदमाश से उसका विवाद चल रहा है। बीती रात इसी विवाद पर बात करने के लिए समीर बब्बा ने फोन कर युसूफ को बात करने के लिए बुलाया था। जब वह मिलने के लिए पहुंचा तो वहां पर बदमाश अरशद बब्बा अपने साथी अब्दुल्ला फारूखी और मुहस्सर के साथ खड़ा हुआ था। मौके पर पहुंचते ही आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। युसूफ ने विरोध किया तो उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। मारपीट शुरू कर दी और चाकू से हमला कर दिया। जब भीड़ जमा होने लगी तो आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को आसपास के लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस छापेमार कार्रवाई कर रही है।

ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

भोपाल। राजधानी स्थित रचना नगर अंडरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक बामने निवासी गौतम नगर जनता क्वार्टर के रूप में हुई है। बुधवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना गोविंदपुरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

मृतक की मां कृष्णा बामने ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रात में किसी लड़की को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था। उस समय अशोक नशे की हालत में था। आरोप है कि पड़ोसी मंगलवार रात में घर में घुस आया और चारों बेटों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। मां का आरोप है कि इसके बाद उनके एक बेटे को रेलवे ट्रैक पर ले जाकर ट्रेन के सामने धक्का दे दिया गया।।

पति ने महिला पर चाकू से किए ताबड़तोड़ हमले

भोपाल। खजूरी सड़क इलाके में शौच के लिए जा रही महिला पर उसके पति ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खजूरी सड़क पुलिस ने बताया कि 34 वर्षीय सुनीता बाई राजीव नगर में रहती है। उसका अपने पति पर्वत नाथ से आए दिन विवाद होता रहता है। मंगलवार की सुबह वह शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते उसका पति मिल गया। पुरानी बातों को लेकर उसने महिला से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। महिला ने विरोध किया तो पति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां पर गए। लोगों के आते ही पति मौके से भाग निकला। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भीषण गर्मी के चलते बड़े तालाब का जलस्तर तेजी से घटा

सच प्रतिनिधि.भोपाल

भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण भोपाल के प्रसिद्ध बड़ा तालाब का जलस्तर तेजी से घटने लगा है। गर्म हवाओं और बारिश की कमी के चलते तालाब में पानी की आवक सीमित हो गई है, जबकि वाष्पीकरण बढ़ने से जलस्तर पर लगातार दबाव बन रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार इस वर्ष गर्मी सामान्य से अधिक रहने के कारण तालाब का पानी तेजी से कम हो रहा है। शहर की बड़ी आबादी की पेयजल जरूरत भी इसी तालाब पर निर्भर है, जिससे प्रशासन जल संरक्षण को लेकर सतर्क नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ सप्ताह में तालाब के किनारों पर पानी काफी पीछे चला गया है। कई स्थानों पर सूखी जमीन दिखाई देने लगी है, जिससे पर्यावरण और जलीय जीवों पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक महीने गर्मी है अत:आने वाले दिनों में जलस्तर और नीचे जा सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से पानी का सीमित एवं सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है, ताकि गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके।

वार्ड नंबर 31 में 1354000 से होने वाले विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन

भोपाल। क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी एवं वार्ड की पार्षद ब्रजुला सचान के द्वारा किया गया इस अवसर पर वार्ड 33 से पार्षद एमआईसी मेंबर आरके सिंह बघेल मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल प्रमोद पोलघनटलवार ,गुंजन मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अर्चना उपाध्याय, विशाल सपकाले ,मनीष भदौरिया, तृप्ति भरद्वाज, सुनीता सोनी, विमला विश्वकर्मा, नंदू घोड़के ,संदीप माथुर, नेतराम जाटव, सूरज बाई एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

पीसीसी में संगठनात्मक गतिविधियां तेज

पटवारी ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

सच प्रतिनिधि.भोपाल

मध्यप्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अन्य प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। इस दौरान विभिन्न पदों और जिम्मेदारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के इंटरव्यू भी लिए गए। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर मंथन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पार्टी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर फीडबैक भी लिया। अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

भोपाल मंडल से गुजरने वाली पुणे रूट की 8 ट्रेनें निरस्त

भोपाल। भोपाल मंडल से होकर पुणे जाने वाली 8 ट्रेनों पूरी तरह से कैंसिल कर दिया गया है। इसकी वजह पुणे मंडल में दौंड-मनमाड रेल खंड में दोहरीकरण के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाना है। जानकारी के अनुसार 16 से 18 मई 2026 तक चलने वाले इस नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे ने 8 ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया है। इसके अलावा 10 ट्रेनें बदले रूट से संचालित की जाएंगी। इससे 5 दिन में करीब 50 हजार यात्री प्रभावित होंगे। उन्हें सफर करने के लिए विकल्प तलाशने पड़ेंगे। रेलवे ने सलाह दी कि जिन लोगों ने पहले से बुकिंग की है, वे यात्रा से पहले स्थिति जांच लें। ब्लॉक की अवधि में ये ट्रेनें अपने नियमित रूट के बजाय वाया मनमाड-नासिक-कल्याण-पनवेल होकर गंतव्य को जाएंगी।

मंत्री विश्वास सारंग के साथ अब नहीं चलेगा गाड़ियों का काफिला

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अपील के बाद विश्वास कैलाश सारंग ने बड़ा निर्णय लिया है। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग अब बिना गाड़ियों के लंबे काफिले के ही दौरे और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और संसाधनों की बचत के लिए है। ऐसे में हर जनप्रतिनिधि और नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी उनके नेतृत्व में भारत ने मजबूती से मुकाबला किया और दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया। मंत्री सारंग ने इसे नवनिर्माण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी का नया प्रयास बताया।

प्रकाशक सिकंदर अहमद, प्लॉट नं. 192, एवीएन टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल-462011 की ओर से सच मीडिया पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा संपादित, संपादक सिकंदर अहमद और श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल, 462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सलाहकार सम्पादक : अशोक तरंगी। समाचार संपादक : राजा सिंह तोहान * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। आर.एन.आई. रजि. MPHIN/2012/42117, डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-460/2024-26, Mail-ID sachexpress013@gmail.com फोन नं. :- 0755-4212853